course of payment during the year ending the 31st day of March, 1969 in respect of the following demands entered in the second column thereof—

Demands Nos, 2 to 9 and 16,"

*The motion was adopted.*

———

15.49 hrs.

## * DEMANDS FOR EXCESS GRANTS (GENERAL), 1966-67

MR. CHAIRMAN : The House will now take up discussion on the Demands for Excess Grants in respect of the General Budget, 1966-67. There are no cut motions.

**Demand No. 1—Ministry of Commerce**

MR. CHAIRMAN : Motion moved:

"That a sum of Rs. 65,740 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Ministry of Commerce' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 8—Defence Services—Non-effective**

MR. CHAIRMAN : Motion moved:

"That a sum of Rs. 9,40,225 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Defence Services—Non-effective' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 9—Ministry of Education**

MR. CHAIRMAN: Motion moved:

"That a sum of Rs. 8,920 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Ministry of Education' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 12—Survey of India**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 30,834 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Survey of India, for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 13—Botanical Survey**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 53,517 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Botanical Survey' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 14—Zoological Survey**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 4,434 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Zoological Survey' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 21—Taxes on Income including Corporation Tax, etc.**

MR CHAIRMAN : Motion moved ;

"That a sum of Rs. 4,3,5,138 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Taxes on Income including Corporation Tax etc.' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 45—Cabinet**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 1,08,748 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Cabinet' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 58—Ministry of Industry**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs 69,886 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Ministry of Industry for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 62—Ministry of Information and Broadcasting**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 96,567 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Ministry of Information and Broadcast-

*Moved with the recommendation of President.

ing' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 63—Broadcasting**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 16,19,566 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Broadcasting' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 71—Chief Inspector of Mines**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 25,052 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Chief Inspector. of Mines' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 77—Other Revenue Expenditure of the Ministry of Law**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 80,344 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Other Revenue Rxpenditure of the Ministry of Law' for the year ended the 31st day of Mareh, 1967."

**Demand No. 78—Ministry of Mines & Metals**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 27,653 be grantd to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Ministry of Mines & Metels' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 85—Other Revenue Expenditure of the Ministry of Supply and Technical Development**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 16,617 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Other Revenue Expenditure of the Ministry of Supply and Technical Developmnet.' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 86—Ministry of Transport and Aviation**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 6,45,840 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Ministry of Transport and Aviation' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 89—Communications (Including National Highways)**

MR CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 65,83,202 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Communications (Including National Highways)' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 92—Aviation**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 6,16,166 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Aviation' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 94—Ministry of Works, Housing and Urban Development**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 28,677 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of Ministry of Works, Housing and Urban Development' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No 104—Other Revenue Expenditure of the Department of Communications**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 13,615 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Other Revenue Expenditure of the Department of Communications' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 121—Other Capital Outlay of the Ministry of Finance**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 1,79,07,352 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Other Capital Outlay of the Ministry of Finance' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 130—Capital Outlay of the Ministry of Information & Broadcasting**

MR. CHAIRMAN : Motion moved ;

"That a sum of Rs. 3,25,978 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Capital Outlay of the Ministry of Information & Broadcasting' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No 137—Capital Outlay on Roads**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 1,13,62,206 be granted to the President to make good an excess on the grant in respect of 'Capital Outlay on Roads' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 144—Capital Outlay of the Department of Atomic Energy**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 9,03,244 be granted to the President to make goo dan excess on the grant in respect of 'Capital Outlay of the Department of Atomic Energy' for the year ended the 31st day of March, 1967."

**Demand No. 145 –Capital Outlay on Posts and Telegraphs (Not met from Revenue)**

MR. CHAIRMAN : Motion moved :

"That a sum of Rs. 2,98,23 395 be granted to the Pesident to make good an excess on the grant in respect of 'Capital Outlay on Posts and Telegraphs (Not met from Revenue)' for the year ended the 31st day of March, 1967."

AN HON. MEMBER : Sir, what is that conference going on there? *(Interruption)*

MR. CHAIRMAN : Order, order. Will the hon. Members sit down in their respective places ? This is very unfair. You can meet the Minister in the lobby and ask him questions. His business is over. He is not compelled to stay. Please do not hold up the business of the House

Now, there are no cut motions on these Demands. Shri Tyagi.

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** ( मुरादाबाद ) : सभापति महोदय, ये जो अतिरिक्त व्यय की मागें यहां पर पेश की गई हैं, मुझे इन को देख कर बड़ा आश्चर्य हुआ है । मैं चाहता हूं कि सदन के सब सदस्य इन का विरोध करें और इनका खण्डन करें ।

इस में एक सबसे ज्यादा आश्चर्य की चीज़ जो मैं देख रहा हूँ—

पेन्शनर्ज के बारे में —रिटायर्ड पेन्शनर्ज के बैनिफिट्स के लिये 58 लाख 73 हजार रुपये की मांग है और उसमें 2 लाख 92 हजार रुपये की अतिरिक्त मांग की गई है । मैं कहना चाहता हूँ कि भारतवर्ष में सबसे ज्यादा अन्याय अगर किसी के साथ किया गया है तो वे पेन्शनर्ज हैं । 1939 में जो पेन्शन कोड बना था, उसी के आधार पर अभी तक पेन्शन चली आ रही है और 1952 तक जिन लोगों को पेन्शन मिली है, वे बेचारे बहुत ही बुरी अवस्था में हैं । इसका कारण यह है कि मंहगाई एक दम बढ़ गई है—सरकार के कर्मचारियों का तनख्वाह के साथ मंहगाई भत्ता बढ़ा, लेकिन पेन्शनर्ज की स्थिति ज्यों की त्यों रही । सरकार ने उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया । कन्ज्यूमर प्राइस इन्डेक्स 1939 में 100 था, जिसके आधार पर इस पेन्शन को निर्धारित किया गया, लेकिन 1968 में यह 746 हो गई, परन्तु पेन्शन की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ । वे लोग जगह जगह मीटिंग्ज कर रहे हैं, मांग कर रहे हैं, परन्तु दुर्भाग्य से इस सरकार की नीति ऐसी बन गई है कि जो लोग आन्दोलन करते है, हिंसात्मक आन्दोलन करते हैं, बसों में आग लगाते हैं, धरना देते हैं, घेराव करते हैं, यह सरकार उनकी बातों को आसानी से सुनती है, लेकिन वे बेचारे अपनी लायलटी के कारण, अनुशासनप्रिय होने के कारण कोई एजीटेशन नहीं करते, इस लिये सरकार उनकी प्रार्थना पर ध्यान नहीं देती । मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि आप उनके साथ न्याय करें ।

दूसरी बात—इस में सड़कों के लिए मांग की गई है । सरकार ने सड़कें बनाई हैं, इसमें कोई ऐतराज नहीं है । परन्तु जहां बननी चाहिये थीं, वहां नहीं बनाई हैं । आपने जो बड़ी बड़ी

हाईवेज़ बनाई है, बड़े बड़े शहरों के पास तो यह मालूम पड़ता है कि वे हाईवेज़ हैं, लेकिन दूर के इलाकों में उन सड़कों की व्यवस्था बड़ी दयनीय है। एक बात और भी बड़ी अजीब है, शहरों के पास तो उन सड़कों पर इण्डिकेशन्ज मिलेंगे, सिगनल्ज़ मिलेंगे, परन्तु दूर जाने के बाद उन पर कोई भी सिगनल्ज़ नहीं हैं, अगर किसी चौराहे पर कोई विदेशी यात्री या बाहर का आदमी पहुंचे तो उसे कुछ पता नहीं कि कौन की सड़क कहां जाती है। मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि खास तौर से उन हाईवेज़ पर, जिन पर विदेशी पर्यटक आते हैं, कार द्वारा इस देश का दर्शन करना चाहते हैं, उन हाईवेज़ पर इस प्रकार के चिन्ह अवश्य होने चाहियें, खास तौर से चौराहों और मोड़ों पर ताकि वे जान सकें कि उन्हें किस सड़क पर जाना है। मुझे बहुत सी यूरोपियन कन्ट्रीज में जाने का मौका मिला है, वहां किसी से भी पूछने की आवश्यकता नहीं है, हर मोड, हर चौराहे, हर जगह संकेत मिलेंगे कि आपको किधर जाना है। लेकिन हमारे हाईवेज़ पर कोई सिगनल या संकेत नहीं मिलते।

एक दूसरी बात इसी सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि आपने हाईवेज तो बनाये हैं, विदेशी यात्रियों को आप इस देश में आने के लिये निमन्त्रित भी करते हैं, परन्तु बड़े शहरों को छोड़ कर रास्ते में कहीं भी इस प्रकार के रेस्टोरांट्स नहीं है, जहां यात्री एक-आध घण्टे खड़ा होकर आराम कर सके, या कोई अच्छी चीज़ खा-पी सके। मैं आपको यह सुझाव देना चाहता हूँ कि कम से कम हाईवेज़ पर रेस्टोरांट-कम-होटल की व्यवस्था होनी चाहिये, जिससे अगर किसी यात्री की मोटर खराब हो जाय या वह ठहरना चाहे तो कम कीमत में उस होटल में ठहर सके। यूरोपियन कन्ट्रीज में लोग बड़े बड़े शहरों में ठहरना पसन्द नहीं करते हैं अपितु ऐसे ही छोटे ग्रामीण होटलों में ठहरना पसन्द करते हैं।

**श्री एस० आर० दामानी** : मैं आपसे पूछना चाहता हूं - आप कह रहे हैं कि हाईवेज़ पर साइनबोर्डस नहीं हैं- आपका ऐसा अनुभव कहां का है ? जहां तक हमारा अनुभव है, हम देखते हैं कि हर एक जगह हाईवेज़ पर . . . .

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** : आप यहां से आगरा तक चले जाइये—बुलन्दशहर, अलीगढ़ होते हुए—आपको पता चल जायगा।

आज देश में सबसे बड़ी आवश्यकता गांवों में सड़कें बनाने की है। इस देश में 5 हजार शहर हैं और सात लाख के लगभग गांव हैं और ऐसे ऐसे गांव है जहां 15-15 मील तक सड़कें नहीं हैं, बेचारे 15 मील तक पैदल चल कर जाते हैं . . . .

SHRI P. C. SETHI : We are considering the Excess Grants ; he must confine himself to them.

MR. CHAIRMAN ; This is for approval of sums already spent. If you have any valid arguments to adduce against granting the amounts, you can do so. Otherwise, it would not be relevant.

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** : सभापति महोदय, मैं इनकी फिज़ूलखर्ची की बातें कर रहा हूं, इन को खर्चे के लिये रुपया लेने का अधिकार है, लेकिन फिज़ूल खर्ची का अधिकार नहीं है।

मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि इन्होंने रोड्स कंस्ट्रक्शन के लिये जितना पैसा मांगा है, उस के खर्च करने पर ध्यान नहीं दिया है। आप कहीं चले जायें, कांट्रैक्टर्स से हर जगह इन्जीनियर्स और एकाउन्टेन्ट का धन बंधा हुआ है, इन्जीनियर का 10 परसेन्ट और एकाउन्टेन्ट का 5 परसेन्ट बंधा हुआ है। अगर ये इन लूप-होल्ज़ को समाप्त कर देते तो जितना रुपया मन्ज़ूर किया गया था, उसमें पूरा हो सकता था, लेकिन इन्होंने ऐसा नहीं किया। इस लिये मैं कहना चाहता हूं कि इनकी जो मशीनरी है, जिसमें ये लूप-होल्ज़ हैं, करप्शन है, भ्रष्टाचार

[श्री ओम प्रकाश त्यागी]

है, उस को रोकने की कोशिश करनी चाहिये जिस से ज्यादा खर्चे की बात न आये।

दूसरी बात—अण्डेमान-निकोबार के लिये भी इन्होंने अतिरिक्त खर्चे की मांग की है वहां की स्थिति भी वही है। वहां भी आंख बन्द कर के खर्चा किया जा रहा है—जंगलों को साफ करने में, कालोनीज को बसाने में। जितना खर्च वहां हो रहा है उस का चौथाई हिस्सा उन की स्कीम पर खर्च हो रहा है और बाकी का तीन-चौथाई हिस्सा भ्रष्टाचार में जा रहा है। इस लिए मैं चाहता हूँ कि उस तरफ भी ध्यान दिया जाये।

16.00 hrs.

एक चीज कह कर मैं समाप्त करना चाहता हूँ। राष्ट्रपति महोदय के प्रति मेरे मन में बड़ा आदर है और मैं उन का बड़ा सम्मान करता हूँ, लेकिन राष्ट्रपति के रहने का जो मापदण्ड है, वह अग्रेजों का बनाया हुआ है। उन्होंने उसको अपने ढंग से बनाया था, क्योंकि वे विदेशी थे, उन को यहां खतरा था और वे विदेशी वातावरण को यहां पैदा करना चाहते थे। भारत वर्ष गरीब लोगों का देश है, यहां की सभ्यता में सादगी है। आज राष्ट्रपति महोदय की जो एस्टेट बनी हुई है उसमें हजारों एकड़ जमीन है, जिन पर यदि मकान बनाये जाये तो लाखों आदमियों को उन पर बसाया जा सकता है। कर्मचारी इतने लगे हुये हैं जिनका कोई हिसाब नहीं है—आखिर, उन को वहां कौन सा खतरा है ? मैं समझता हूं कि आज भारत वर्ष के राष्ट्रपति महोदय के लिये कोई खतरा नहीं है।

जितनी पुलिस चारों तरफ खड़ी कर रखी है, जितना खर्चा बढ़ा रखा है, उस खर्चे में कमी करनी चाहिए। मैं समझता हूँ जितनी अतिरिक्त मांगें मांगी जा रही है वह फिजूल ही नहीं है बल्कि जो मन्जूर हुई हैं वही ज्यादा हैं, उनमें भी कटौती होनी चाहिए। हमारे देश का राष्ट्रपति भारतीय संस्कृति का प्रतीक होना चाहिए, उसका जीवन सादा होना चाहिये। उसका रहन सहन सादा होना चाहिये, हमारे पूज्य महात्मा गांधी ने जिस स्वपन की कल्पना की थी उसी के अनुरूप हमारे देश के नेताओं को और हमारे राष्ट्रपति को आदर्श जीवन उपस्थित करना चाहिए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस देश के राष्ट्रपति को कोई खतरा नहीं है। मैं तो समझता हूँ कि यह फिजूलखर्ची है, और इसको रोक दिया जाये तो फिर इस प्रकार की अतिरिक्त मांग की कोई जरूरत नहीं रहेगी।

इन शब्दों के साथ में आपको धन्यवाद देता हूँ।

**श्री क० मि० मधुकर** (केसरिया) : अभी जैसा कि हमारे पूर्व वक्ता ने कहा है, ये जो सप्लीमेंटरी डिमांडस रखी गई हैं वह बिल्कुल ही फिजूल खर्ची और अपव्यय की परिचायक हैं। ऐसे सवालों पर जिनपर सरकार की ओर से वास्तव में जोर दिया जाना चाहिए और जिनके लिये यहां पर अक्सर मांग उठाई जाती है, वह बात जो समझ में आ सकती है लेकिन यहां पर तो ऐसी बातों के लिये मांगें रखी गई हैं जिन बातों का जनता के जीवन से कोई यथार्थ सम्बन्ध नहीं है। आज देहात की जो सड़कें हैं वहां पर भादों के महीने में बरसात के दिनों में बहुत पानी भर जाता है लेकिन उन सड़कों के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। देहाती क्षेत्रों में सड़कों के लिये बराबर मांग की जाती है लेकिन मैं जानना चाहता हूँ कि क्या आपने वहां पर सड़कें बनाने की कोई योजना बनाई है। देहात के लोगों की जो कठिनाइयां हैं उसके सम्बन्ध में कुछ भी नहीं सोचा जाता है। उसके स्थान पर नेशनल हाई वे की बात होती है परन्तु नेशनल हाई वे की भी हालत यह है कि वे जहां पर बनी हैं वहां पर ठेकेदार लोग बहुत सारा पैसा खा

गए हैं जिसके फलस्वरूप उन सड़कों के तारकोल उखड़ गये हैं और उन सड़कों की अवस्था बहुत ही बुरी हो गई है। हमारे इलाके चम्पारन में नेशनल हाई वे नं० 32 और 28 की यही दशा है। लेकिन इन बातों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। बहुत से अफसरों की बहाली के लिए और समितियों के खर्चे के लिए मांगें रखी जाती है जिनकी कि कोई आवश्यकता नहीं है। उन सवालों पर जोकि जनता के जीवन से सम्बन्धित हैं कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। सरकार ने ऐसी मांगें रखी जिनका कि उसने पहले से कोई अन्दाज नहीं लगाया। ऐसा मालूम होता है कि सरकार के पास कोई स्कीम ही नहीं है, कोई योजना ही नहीं है कि जिन पर वह पहले से आवश्यकता के अनुसार अन्दाज करले कि इन मदों पर इतना खर्च होने वाला है, उसके हिसाब से खर्चा लगाया जाये और बजट पास किया जाये। उसके बाद फिर अनुपूरक मांगों की बात भी उठ सकती है। देश के विकास के लिये, शिक्षा के लिये या ऐसे जो दूसरे सवाल हैं उनको छोड़कर सरकार की ओर से ऐसे सवालों को रखा गया है जिनमें फिजूल खर्ची की बात की गई है और जिन बातों से जनता का कोई सवाल हल होने वाला नहीं हैं। इसीलिये मुझे कहना पड़ता है कि सरकार ने हर मामले में अदूरर्दशिता का ही परिचय दिया है। सरकार की जो फ़िज़ूल खर्ची के जो नमूने हैं उनको इस सदन में एक्सेसिव डिमान्ड्स के रूप में पेश किया गया है। सरकारी अफसरों की आरामतलबी के लिये, उनको भत्ता देने में और बहुत-से ऐसे दूसरे कामों से बहुत-सा पैसा खर्च किया जाता है जिसकी कि कोई भी आवश्यकता नहीं होती हैं।

सरकार की ओर से यह बात भी अक्सर कही जाती है कि मितव्ययिता की जायेगी, प्रशासन का खर्चा कम किया जायेगा लेकिन दूसरी तरफ अफसरों को बहाली, उन को भत्तों का खर्चा बढ़ाया जाता है। समितियों के ऊपर बहुत-सा खर्चा किया जाता है। ऐसी मदों पर खर्चा किया जाता है जिनकी कोई आवश्यकता नहीं होती है और जिन मदों को बिल्कुल समाप्त किया जा सकता है। इसीलिए ऐसा लगता है कि सरकार की ओर से जो एक्सेसिव डिमांड्स रखी गई हैं वह बिल्कुल अदूरर्दशिता की परिचायक हैं। केन्द्रीय सरकार के जो मन्त्री लोग हैं वह तो एयर-कन्डीशन्ड बंगलों में रहते हैं बड़े आराम से रहते हैं, जिस प्रकार से उनकी जिन्दगी बीतती है, वे समझते हैं कि सारे देश की जिन्दगी इसी प्रकार से बीत रही है। उनके दिमाग में जनता रहती ही नहीं है, वह समझते ही नहीं कि जनता के कौन से सवाल हैं? आज जनता के लिए सड़कों का सवाल है, स्वास्थ्य का सवाल है। एक तरफ हमसे कहा जाता है कि हम ऐसी मदों में सरकार का समर्थन करें, जनता की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये इन मदों की जरूरत है लेकिन मैं पूछना चाहता हूँ कि जो केन्द्रीय कर्मचारी हैं या पुलिस के कर्मचारी हैं उनके लिए आपने क्या सोचा है? उनकी आवश्यकताओं के विषय में यदि एक्सेसिव ग्रांट्स की बात रखी जाय तो वह बात समझ में आ सकती है। लेकिन आप तो निम्न वर्ग के लोगों की उपेक्षा करते हैं। जन-साधारण की उपेक्षा की जा रही है। उन लोगों की सुख सुविधा के लिये और उनके उत्थान के लिये यदि कोई काम किया जाये और उसके सम्बन्ध में यहां पर मांग रखी जाये तो उसका समर्थन किया जाये। लेकिन उन बातों का तो यहां पर डिमांड्स में कोई जिक्र ही नहीं है। लगता है कि हवा में और आकाश में उड़ने वाली ये सारी बातें हैं जिनमें साधारण जन-जीवन से कोई स्पर्श तक नहीं है। मैं तो समझता हूँ पार्लियामेंट को ऐसी मांग ठुकरा देनी चाहिये और सरकार को सेंश्योर करना चाहिये। एक तरफ तो यहां पर इस तरह से फ़िज़ूलखर्ची के नमूने पेश किये जाते हैं और दूसरी तरफ कहा जाता है कि मितव्ययता करेंगे। हम समाजवादी ढंग का समाज लाना चाहते हैं। लेकिन सरकार की ओर से जितने भी बजट यहां पर आते हैं उनमें समाजवाद की दिशा में जाने के लिए एक कदम भी

[श्री क० कि० मधुकर]

नहीं उठाया जाता हैं बल्कि बड़े आदमियों की सुख-सुविधा और प्रशासन पर खर्च करने की बातें ही होती हैं। देश में जो मोनोपली बनी हुई है उसको और मजबूत करने के लिए और बिरला टाटा को मदद करने के लिये उन की सारी योजनाएं होती हैं। राज्य सभा में चन्द्र शेखर जी ने बिरला के खिलाफ आवाज उठाई है। लेकिन किया कुछ नहीं जाता है बल्कि उस पर और परदा डालने की कोशिश होती है। दूसरीतरफ ग्राम जनता के जीवन को गिराया जा रहा है। यह बजट की निशानी है। इस सरकार को बिरला और टाटा की अधिक चिन्ता है। ग्राम जनता के लिये इसको कोई चिन्ता नहीं है। यदि एक्सेसिव डिमांड्स में उन सारे सवालों का जिक्र होता जो कि जनता के जीवन से सम्बन्धित है जैसे कि देहात में सिंचाई की व्यवस्था, किसानों के लिये ऋण देने की व्यवस्था, भूमि-सुधार का प्रश्न, इन पर अगर खर्च किया जाता और सरकार की ओर से उसकी मांग होती हैं तो हम भी उस बात को समझते कि सरकार यथार्थवादी दृष्टि कोण से चल रही है। जनता की सुख-सुविधा के दृष्टि-कोण से सोचने पर उन को अधिक पैसे की जरूरत है और उस मांग को माना जा सकता था। परन्तु यहां पर जितनी मांगें रखी गई हैं, जो अधिक खर्चा हुआ है उसकी पूर्ति के लिये, वह सारी फिजूलखर्ची है। इस सदन को उन्हें नामंजूर कर देना चाहिये। ग्राम जनता की तरक्की करने वाली किसी बात का इस में जिक्र नहीं है। इसलिये मैं साफ तौर से कह देना चाहता हूं कि इस मांग को बिल्कुल नामंजूर कर दिया जाये। दक्षिण बिहार में लगातार यह कोशिश की जा रही है गंगा नदी पर पटना में पुल बनाया जाये। लेकिन मन्त्रियों के झगड़े के चलते बक्सर में तो पुल बनता है, मोकामा में पुल बनता है, परन्तु पटना में पुल बनने की बात नहीं होती।

क्या सरकार ने कभी वास्तव में लघु उद्योग को विकसित करने के बारे में गम्भीरता-पूर्वक सोचा है और उसके लिए पग उठाये है? उदाहरण के लिये में बतलाना चाहता हूँ कि चम्पारन में मेहसी बटन फैक्टरी है और वह सीप आदि के बटन बनाती है। उस के बटन ऐक्सपोर्ट भी होते हैं। जरूरत इस बात की हैं कि उसे कैपिटल आदि की सुविधायें मिलें ताकि वह उद्योग उन्नति करे और ज्यादा ऐक्सपोर्ट किया जा सके लेकिन खेद का विषय है कि सरकार का ध्यान ऐसी चीजों के लिये नहीं जाता है। इसके लिये कोई नयी पैसे की मांग नहीं की गई है। कोई पैसे के खर्च की बात इन ऐक्सैस ग्रांट्स में नहीं की गई है। इसलिये यह जो सन 1966-67 के लिए बजट डिमांड्स की एक्सैस ग्रांट्स रक्खी गई है इनकी पुष्टी नहीं होनी चाहिए और इस सदन को इन डिमांड्स को नामंजूर कर देना चाहिए।

**श्री शिव चन्द्र झा (मधुबनी)**: सभापति महोदय, यह 1966-67 के लिये जो बजट की ऐक्सैस डिमांड्स फोर ग्रांट्स सदन के सामने मंजूरी के लिये पेश की गई है उनके मातहत केन्द्रीय सरकार इस सदन से कोई 11.53 करोड़ रुपये की स्वीकृति मांग रही है। मैंने इस आप की डिमांडस फोर एक्सैस ग्रांट्स की पुस्तिका को देखा है और उससे मोटे तार पर साफ जाहिर होता है कि ज्यादा खर्चा जो हुआ है, मेजारिटी जो खर्चा हुआ है वह ट्रेवलिंग एलाऊंस की मद में हुआ है। उदाहरण के लिये मैं डिमांडस नम्बर 1 को आपके सामने रखना चाहता हूँ। उसके तहत एक्सैस जो 65,740 रुपये की बतलाई गई उसके लिये उन्होंने यह लिखा है :

> "Larger adjustment of debits than anticipated on account of passage bills, advances of travelling allowance and cost of transport of personal effects..."

इस डिमांड नम्बर 1 में मैं उदाहरण के रूप में दे रहा हूं कि यह ट्रेवलिंग एलाऊंस की वजह से आप की फिजूल खर्ची सन् 66-67 में हुई।

इसी तरीके से आप डिमांड नम्बर 45 ले लें। डिमांड नम्बर 45 कैबिनैट के सम्बन्ध में है और उसमें भी यह जो फिजूलखर्ची या एक्सैस खर्च हुए उसका कारण साल के लैटर पार्ट में मिनिस्टरों और डिप्टी मिनिस्टरों द्वारा मोरटूर्स अंडरटेक करना है अर्थात दूर एक्स-पैंसेज के कारण यह खर्चा बढ़ा है। दौरे मिनिस्टरों आदि ने देश के अन्दर और देश के बाहर किये उनके कारण यह ज्यादा खर्चा हुआ यह एक्सैस खर्च 1,08,748 रुपये हुआ।

16.13 hrs.

[Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*]

उपाध्यक्ष महोदय, डिमांड नम्बर 62 में भी फिजूल खर्ची की बात आती है उसमें कहा गया है :

> "Increased expenditure on trevelling allowance due to more tours than anticipated..."

इस तरीके से सन् 66-67 की एक्सैस डिमांड्स फौर ग्रांट्स है अर्थात जिनका खर्चा हुआ है वह मोटे तौर पर फिजूलखर्ची की वजह से हुआ या मिनिस्टरों और डिप्टी मिनिस्टरों के दौरों की वजह से ही हुआ है। अगर कोई मतलब का खर्चा रहा है तो मैं समझता हूँ कि वह एक ही डिमांड नम्बर 89 है जोकि कम्युनिकेशस के सम्बन्ध में है। उसमें यह कहा गया है :

> "Execution of certain urgent and inescapable Works in NEFA to meet the defence needs and other essential works undertaken in Andaman and Nicobar Islands and Dadra and Nagar Haveli."

यह खर्चा थोड़ी देर के लिए हम समझ सकते थे क्योंकि वह देश की सुरक्षा के लिए था। जितनी मांग पहले हुई थी उससे ज्यादा खर्चा किया गया है तो आमतौर पर यह एक बड़ा काम हुआ। इसी तरह से डिमांड नम्बर 144 जोकि डिपार्टमेंट ग्रोफ ऐटोमिक इनर्जी वाली है और उसमें जो थोड़ा एक्सैस खर्चा हुआ वह भी कुछ मतलब रखता है, लेकिन जैसा मैंने कहा यदि आप इन 66-67 को डिमांड्स फौर एक्सैस ग्रांट्स की ओर तौर से देखेंगे तो पायेंगे कि फिजूलखर्ची मिनिस्टरों वगैरह के अत्यधिक दौरों को लेकर हुई है। यह इस सरकार के साथ बुनियादी बीमारी है और हम विरोधी पक्ष वालों की यह आवाज है कि इस फिजूलखर्ची को बन्द करो लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। सरकार उस खर्च की पूर्ति के लिये डैफिसिट फाइनेंसिग करती है और यह सब रास्ते अखत्यारा करती है। इस से मुल्क में कीमतें बढ़ जाती हैं और आम जनता की हालत अच्छी नहीं होती है। सारे देश में मोटे तौर पर जो फिजूलखर्ची होती है उसका हिसाब लगा कर देखा जाये तो वह कोई 4500 करोड़ रुपये की होती है। करीब साढ़े 11 करोड़ का एक्सैस खर्चा किया लेकिन चाहे तो आप 500 करोड़ रुपये की बचत प्रतिवर्ष कर सकते हैं। विकास के काम और अधिक आप कर सकते हैं बशर्ते कि फिजूल-खर्ची को आप बन्द करें। यदि यह फिजूल-खर्ची आप बन्द कर देते हैं तो यह जो डेफिसिट फाइनेंसिग का रास्ता अखत्यार करते हैं, वह अखत्यार नहीं करना पड़ेगा और साथ ही विकास के काम भी आप के हो जायेंगे।

यह जो आपकी फिजूलखर्ची हुई उस की बुनियादी वजह मैं बतलाना चाहता हूँ। हालांकि समाजवादी ढांचे आदि की बजट में बड़ी-बड़ी बातें सरकारी पक्ष की ओर से की जाती हैं। अपनी बजट स्पीच में वित्त मंत्री महोदय ने गांधी जी का उदाहरण दिया। उन्होंने हायर सोशल वैल्यूज की भी बात कही और सोशलिस्ट सोसाइटी की बातें भी रक्खी हैं लेकिन हकीकत में जो बुनयादी बीमारी की हिन्दुस्तान में बढ़ी आजादी के बाद वह देश में पूंजीवाद के विकास की है। इसी बिमारी की वजह से और भी खराबियाँ आ जाती हैं। इस-लिए यह समय का तकाजा है कि यह जो बुनयादी बिमारी है उसको आप खत्म करें। पूंजीवाद को खत्म करें। साथ साथ जो एक सोशलिस्टिक नारा रहा है उस पर समाज काबू करके कब्जा करे। जो भी

[श्री शिवचन्द्र झा]

उत्पादन हो वह समाज के ग्राम लोगों के लिए हो। अगर यह समाजवादी रास्ता अपनाया जायगा तो यह फिजूलखर्ची ले जो डैफिसिट फाइनैंसिंग की बीमारी पैदा होती है, दामों के बढ़ने की बिमारी पैदा होती है और जरूरत से आप ज्यादा खर्च करते हैं या तमाम बीमारियां बंद हो जायेगीं और मुल्क का बिकास सही रूप में होने लगेगा और समाज हकीकत में एक समानता और समृद्धि की ओर आगे बढ़ेगा। इसलिए मेरा कहना है कि जो यह साढ़े 11 करोड़ की एक्सैस डिमांड्स हैं इनको इस सदन को पास नहीं करना चाहिए क्योंकि यह ज्यादा खर्चे और फिजूलखर्ची के कारण पेश आई हैं। दरअसल यह कांग्रेसी सरकार, यह टाटा और बिडला की सरकार इस फिजूलोखर्ची को बंद नहीं करना चाहती है और वह बराबर उसी रास्ते पर चल कर देश की अर्थ व्यवस्था को और अधिक खराब बनाती चली जा रही है और साथ-साथ ग्राम जनता की भी हालत को खराब बनाना चाहती है। इसलिए मैं इन एक्सैस बजट डिमांड्स का विरोध करता हूं।

**श्री लखन लाल कपूर** (किशनगंज) : सभापति महोदय, यह जो 66-67 की एक्सैस डिमांड्स हैं मैं उन में से एक डिमांड पर जोकि कम्युनिकेशंस के आइटम पर है उसके बारे में सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं।

हिन्दुस्तान में बरेली से लेकर असम की तरफ़ एक पार्श्ववर्ती सड़क बन रही है। यह केन्द्रीय सरकार के द्वारा बनाई जा रही है। यह सड़क जब सन् 1962 में चीन ने हिन्दुस्तान पर हमला किया था तो डिफैंस के ख्याल से इस का निर्माण कार्य आरम्भ हुआ था। उस पर काफी रुपये कूते गये हैं। यह सन् 1969 का साल चल रहा हैं। वह कार्य सन् 1964 से शुरू हुआ था। मैं बिहार की बात जानता हूं क्योंकि मैं उस क्षेत्र से आता हूं। वह सड़क नेपाल की सीमा से ही होकर जा रही है। सरकार ने योजना बनाई थी कि उस सड़क को दो वर्ष के अन्दर युद्धस्तर पर पूरा किया जाये। उसकी चौड़ाई 26 फुट रक्खी गई थी जोकि 26 फुट तो पक्की होने थी और 56 फुट कच्ची सड़क होनी थी। उस पर काफी रुपये खर्च हुए। बिहार में चम्पारन से भैंसालोटन और भैंसालोटन से लेकर गलगलिया तक वह 414 मील का फासला पड़ता है। 34 करोड़ रुपया बिहार के अन्दर खर्च करने को था 16 करोड़ रुपये खर्च हो चुका है लेकिन आज तक इतने वर्ष गुजर गये हैं अभी तक सिर्फ 2 या 3 मील के सिवाय वह पथ पक्का नहीं बन पाया है। उसमें इतना अपव्यय हुआ है, रुपये का इतना गोलमाल हुआ है और इतना खर्च हुआ है जिसका ठिकाना नहीं है। वहां बोल्डस इकट्ठे किये गये, ईंटें इकट्ठी की गईं, चिप्स इकट्ठे किये गये, सड़क बनाने के लिये जितनी मशीनरी हो सकती हैं वहां खरीद कर रक्खी गई लेकिन 1 नवम्बर की जगह पर 3 और 4 नवम्बर की ईंटें सप्लाई की गईं। जो पक्की ईंटें होने चाहिए थीं उनकी जगह पर झावां इकट्ठा किया गया और अभी तक उनका स्टाक लगा हुआ है। 50 पाउंड बोल्डर की जगह 25-30 पाउंट के बोल्डर जमा किये गये कंट्रैक्टर के माध्यम से। वहां पर इस तरह की तमाम बातें हुई हैं। इस बात को लेकर मैंने पार्लियामेंट के जरिये आवाज उठाई, यहां पर मैंने सवाल किये, लिख कर दिया, लेकिन कोई कार्यवाही हो रही है आज तक यह बात मेरी नजर में नहीं आ रही है।

बिहार के इस प्रोजेक्ट के लिये जिम्मेदार चीफ एग्जिक्यूटिव इंजीनिअर एम० एम० बोस आज बिहार की पी० डब्यू० डी० के चीफ इंजीनिअर बन कर बैठे हुए हैं। तमाम गोलमाल की जिम्मेदारी इन्हीं चीफ एग्जिक्यूटिव इंजीनिअर पर हैं। लेकिन बजाय उनको सजा देने के उनको लाकर पी० डब्ल्यू० डी० के चीफ इंजीनिअर के पद पर बिठला दिया गया है बिहार में यह र्‌यूमर है कि 1 लाख रुपया ले

कर उन्हें प्रमोशन दिया गया। उनके अन्दर जितने कंट्रेक्डर्स है......

**श्री क० ना० तिवारी** (बेतिया) : यह प्रान्तीय मामला है कि चीफ इंजीनिअर के पद पर किस को बिठलाया गया या हटाया गया।

**श्री लखन लाल कपूर** : जब वहां पर प्रेजिडेंट्स रूल था तब यह सारी बातें हुई हैं। इसलिए मैं समझता हूं कि केन्द्रीय सरकार उस के वास्ते सीधे तौर से जिम्मेदार है। उनके नीचे जितने करप्ट कंट्रेक्टर्स है उनको ईंटों के कंट्रैक्ट दिये गये हैं।

SHRI LOBO PRABHU : Sir, on a pointed of order. No individual name should be brought under discussion, without ten days' notice to the Chair. He has mentioned the name of an officer who is not here to defend himself and I would request you to expunge these remarks.

MR. DEPUTY SPEAKER : As far as possible, unless you give notice, you should not mention the names. That is the usual practice which we follow here. You can describe in such a manner that he could not be identified. But do not mention the name,

**श्री लखन लाल कपूर** : मैं आप से कहना चाहता हूँ कि वहां पर जहाँ तहाँ करोड़ों रुपयों के इम्प्लिमेंट् पड़े सड़ रहे हैं और उनका कोई इस्तेमाल नहीं हो रहा है। जिस सड़क को बनाया जाना चाहिये था वह नहीं बनी। चूंकि सड़क 26 फिट की बननी थी इसलिये 56 फीट का प्लिंथ बनाया गया। वहां पर सारा माल इकट्ठा किया गया है 26 फीट की सड़क के लिये लेकिन पता नहीं सरकार क्या सोच कर 26 फीट की जगह 12 फीट की सड़क बनाने जा रही है। सारा मैटीरियल 26 फीट के लिये जमा है, प्लिंथ भी 56 फीट का बना हुआ है लेकिन सड़क अब 12 फीट की ही बननी है। एक मील के लिये मैटीरियल चाहिये वह जमा है, सिर्फ उसमें लेबर चार्जेज लगा कर, जिसमें 6 हजार रु० प्रति मील खर्च होगा, काम को पूरा किया जा सकता है, लेकिन 26 फीट की जगह 12 फीट की सड़क बनाने का फैसला किया गया है, जब कि सडक के लिये इकट्ठा मैटीरियल पर हर साल मेनटेनेन्स पर ही हजारों रुपये खर्च हो जायेगे। मैं समझता हूं कि यह कोई बुद्धिमानी की बात नहीं है। इस पर सरकार का जो अपव्यय हो रहा है उसको बचा कर इस सड़क को बनाया जाना चाहिये।

साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूं कि एक कमिशन बहाल होना चाहिये, सी० बी० आई० के माध्यम से किसी अन्य कमिशन को बिठला कर जो गोल-माल हुआ है उन बातों की एन्क्वायरी हो और जो अपराधी हो उनको सामने लाया जाये।

SHRI N. K. SOMANI (Nagaur) : Sir, one of the viruses constantly affectioy various Ministries of the Government of India is their constant belief that whatever their financial of fiscal performance is going to be, they can always come back to Parliament and, without explaining their stand or justification for effective implementation of the budget grant either in one particular period or another, they can get away with any sums of money. That can always happen in this country because they are in a majority. One thing will have be brought to the attention of the various Ministries that before they are given a grant in excess of a particular year's grant which has been voted already and they come with a supplementary demand, a serious note of that phenomenon will be taken. For lack of time, I would like to hurriedly go into four or five items mentioned in this particular report.

Beginning with the Defence services, during the last five years the expenditure has spiralled to over Rs. 1200 crores now. There is no courage at all in this Government to accept the demand which is being made in this House for a long period that there has to be a statutory parlimentary committee like the PAC and other Committees functioning to look into the problems, whether the money that is being spent to defend our frontiers and the country in a legitimate fashion, is being properly spent. You will find that a sum of over Rs. 9,40,000 relates to pensions. It is from the point of view of the overall

[Shri N. K. Somani]

management and efficiency of this department that the question has to be examined.

Take the gross financial indiscipline and mismanagement of the debt services. A huge sum of over Rs. 64 lakhs is being asked in excess of the original that was provided. We estimate a certain amount to service our debts and liabilities in the beginning of the financial year, but as soon as the year is over the position has deteriorated to such an extent that we find all our guesses and performance go completely of the mark.

Look at the Ministry of Information and Broadcasting. I can understand the Defence or some other Ministry under some kind of a crisis putting is a little more money. But where is the justification for a Ministry of Information and Broadcasting to ask for Rs. 16 lakhs in a single period on a gingle year. It is a fact that they had to put in 6 or seven broadcasting stations suddenly and without previous provision? Or did they have to appoint a number of directors of information and broadcasting? What did they do to ask for Rs. 16 lakhs in such a fashion? This is something which not only the Deputy Prime Minister but the Prime Minister should look into; before allowing these demands to be put before this House and discussed here, not only should a proper audit be done but it has to be made clear once and for all that these excess demands would be virewed with very great care and seriousness.

Coming lastly to the Ministry of Transport and Aviation, the biggest culprit of them all, the communications division has asked for an excess sum of Rs. 65 lakhs. I am glad that the distinguished Chairman of the Public Accounts Committee is here. In the Committee's Report in respect of the department in respect of the same year, we have been told about the construction of a lateral road which is 1111 miles, about which I spoke a few days earlier, from Amingaon in Assam to Bareilli in UP. which was estimated to cost a sum of Rs. 110 crores. This has been clearly brought to the attention of the Lok Sabha and the Ministry concerned. The Committee was informed that machinery worth Rs. 825 lakhs were purchased for use in the four States concerned—because this road runs throught four States—and out of these, Rs. 282 lakhs worth of plant and machinery has been declared surplus by three of the States concerned. If this is the state of efficiency of management in various Ministries, there is no wonder that the project is still incomplete and there is such a mass that plant and equipment and accessories which have been declared surplus for the last two or three years, is still rotting in a junk-yard without any effiective use being put of it. Neither the national highways are extended, nor is the plant and equipment disposed of. In this way, valuable inventories, plant and equipment, are allowed to rot.

The study team of the Committee says that the overall cost of this particular project cannot be more than Rs. 74 crores, while the original estimate was Rs. 111 crores.

These are certain instances which all of us must view very seriously. Time after time, year after year and in debate after debate here, these things have been brought to the attention of the Ministries concerned. But the pity is that instead of improving the efficiency and effectiveness of this spending, they get away with every thing because of the manner in which the majority they possess is exercised.

**श्री मुहम्मद इस्माइल (बैरकपुर)** : उपाध्यक्ष महोदय, जहां तक इन एक्सैस ग्रांट्स का सम्बन्ध है, मैं समझता हूँ कि इस सरकार को इस सदन के सामने इनको लाने का कोई अधिकार नहीं है। देश को इस सरकार ने जिस अवस्था में धकेल दिया है, उसकी दो तीन मिसालें मैं आप के सामने रखना चाहता हूँ। आपको पता चलेगा कि हमारे देश में कितनी आइडल कैपेसिटी पड़ी हुई है। 76 परसेंट एग्रिकलचरल मशीनरी हमारे देश में आइडल अवस्था में है। जब इतनी ज्यादा एग्रिकलचरल मशीनरी आइडल पड़ी हुई है तो क्या आप समझते हैं कि इन एक्सैस ग्रांट्स को इस सदन के सामने लाना उचित है? किस मुंह से यह सरकार इस सदन के सामने इनको ला सकती है, यह मैं पूछना चाहता हूँ। इसी तरह से आप देखें तो आपको

पता चलेगा कि करीब 28 परसेंट मशीन टूल्ज आइडल अवस्था में पड़े हुए हैं। ऐसी हालत में देश को रख कर इनको एक्सैस ग्रांट्स को ले कर इस सदन के सामने आने का अधिकार नहीं है।

इसी तरह से और भी बहुत सी चीजें हैं, जिन में मैं जाना नहीं चाहता हूँ। जहां तक इंजीनियरिंग इंडस्ट्री का सम्बन्ध है, उस में एक क्राइसिस आया हुआ है। स्माल टूल्ज को हम अपने देश में ही तैयार कर सकते हैं। एग्रिकल्चरल मशीनरी का हम इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। हम तरह-तरह से किसान को उत्साह देने की बात करते हैं, किसान की भलाई की बड़ी लम्बी-लम्बी बातें करते हैं। लेकिन आप देखें कि जब किसान के लिये कुछ करने की बात आती है तो कुछ नहीं किया जाता है। आइडल अवस्था में 76 परसैंट एग्रिकलचरल मशीनरी को क्यों आपने रखा हुआ है ? क्या इसको काम में नहीं लाया जा सकता था और किसान की मदद नहीं की जा सकती थी ? कैसे भरोसा हो सकता है कि आप हमारे देश के किसी विभाग की उन्नति करना चाहते हैं। ऐसी हालत में एक्सैस ग्रांट्स को सैंक्शन करने का आपको अधिकार नहीं है। क्यों आप इनको लाते हैं।

आप यह भी देखें कि हमारे देश में आज छोटी-छोटी इंडस्ट्रीज हैं, इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज हैं और खास तौर पर मेरे प्रदेश में, वेस्ट बंगाल में हैं। वहां पर आपने देखा होगा कि हजारों की तादाद में मजदूरों का ले आफ किया गया है, उनका रिट्रेंचमेंट किया गया है। ये जो इंजीनियरिंग के कारखाने हैं, इनके पास आर्डर नहीं है। ये स्माल टूल्ज जिन की मांग बहुत ज्यादा है बना सकते हैं। लेकिन इनको आर्डर नहीं मिलते हैं। उनमें काम करने वाले हजारों मजदूर बेकार हो गए हैं। ये छोटी छोटी इंडस्ट्रीज खत्म हो रही हैं, छोटे-छोटे इंजीनियरिंग के कारखाने खत्म हो रहे हैं। लेकिन इनको कोई दर्द नहीं है, इनको उसका कुछ खयाल नहीं है। इस चीज के खिलाफ वहां मेरे प्रान्त के मजदूरों ने लड़ाई लड़ी है, इस चीज के खिलाफ वे खड़े हुए हैं और इसको आपने घेराव का नाम दे दिया। उन पर आपने डंडों का प्रयोग किया, उन पर आप ने गोलियां चलाई। क्या यह उचित था ?

जहां तक टैक्सटाइल इंडस्ट्री का सम्बन्ध है, टैक्सटाइल मशीनरी का सम्बन्ध है, आप जानते हैं हमारे प्रान्त में टैक्समैको नाम से टैक्सटाइल मशीनरी बनाने वाला कारखाना बना हुआ है। उस कारखाने के तीन हजार आदमियों की छंटनी की गई है इस वास्ते कि उसके पास आर्डर नहीं है। उसको टैक्सटाइल मशीनरी बनाने के आर्डर न दे कर आपने बाहर से मशीनरी मंगाई और मंगा कर टैक्सटाइल इंडस्ट्री को दी। क्या वह मशीनरी हमारे देश में तैयार नहीं हो सकती थी, क्या उसको बनाने का आर्डर टैक्समैको को नहीं दिया जा सकता था ? वहां यह बड़ी आसानी से बन सकती थी। लेकिन ऐसा न करके आपने वहां तीन हजार लोगों को बेकार कर दिया और वहां एक संकट की स्थिति पैदा कर दी।

जहां तक स्माल टूल्ज का सवाल है उनकी डिमांड क्यूबा में बहुत है, वियतनाम में बहुत है और इनको अपने देश में बनवा कर वहां भेजा जा सकता था। बार-बार इन कारखानेदारों ने कहा कि हम इनको तैयार करके दे सकते हैं, स्माल टूल्ज हम बना सकते हैं और उनको ऐसा करने के आर्डर दे कर हम इंजीनियरिंग इंडस्ट्री को बचा सकते थे लेकिन आपने ऐसा नहीं किया।

इंडस्ट्रियल यूनिट्स जो हैं, कारोबारी लोग जो हैं वे यह समझते हैं कि यह संकट इस वास्ते आया है कि आपने लाइसेंसिंग पालिसी गलत बनाई है और देश के अन्दर जो चीज तैयार हो सकती है, उसको देश के अन्दर न बनवा कर बाहर से उस चीज को मंगा कर एक संकट की स्थिति पैदा की है। क्या अधिकार है आपको कि आप इन एक्सैस ग्रांट्स की मांग करें।

[श्री मुहम्मद इस्माइल]

एक बात साफ है। आपने पी० एल० 480 का एग्रीमेंट किया हुआ है। उसकी वजह से आपके हाथ बंधे हुए हैं। आप अमरीकी इम्पीरियलिस्टों की गाइडेंस में चलते है, उनके प्रैशर में काम करते हैं। वे जो कहते हैं वैसा आप करते हैं। वे अगर यह कहते हैं कि इस चीज को आप यहां न बनाओ और इसको वहां से मंगाओ तो आपको वैसा करना पड़ जाता है। मैं चाहता हूँ कि ये जो तमाम बातें हैं, ये साफ होनी चाहिये और इनको देश के सामने लाया जाना चाहिये। जो संकट पैदा हुआ है, यह कांग्रेस सरकार का पैदा किया हुआ है। वही इसके लिये जिम्मेदार है। आपने ही देश की छोटी-छोटी इंडस्ट्रीज को संकट में डाला है। आप जो छंटनी होती है, जो ले आफ होता है इसके लिये जिम्मेदार हैं। यह सब आपकी गलत पालिसी की वजह से हो रहा है। एग्रिकलचरल मशीनरी जो आइडल पड़ी हुई है उसका इस्तेमाल क्यों नहीं किया गया। क्यों जो मशीनरी यहां तैयार हो सकती थी उसको तैयार नहीं किया गया? स्माल टूल्ज अपने देश में तैयार हम कर सकते थे, उनको तैयार क्यों नहीं करवाया गया। इन कामों को न कर के आप एक्सैस ग्रांट्स को ले कर हाउस के सामने आते हैं। मैं समझता हूँ कि आपको ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। मैं प्रार्थना करता हूँ कि इनको आप वापिस ले।

SHRI LOBO PRABHU (Udipi) : I congratulate you for having made the House work businesslike and consider the subject before it. I congratulate Mr. Jha and Mr. Somani for having confined their remarks strictly to the subject and I should like to be able to congratulate the Minister also if he will take the trouble to peply to the objections raised by them and me.

The House must understand the exact way in which an excess grant arises. Today we have passed the supplementary demands for grants which covers all the expenditure of the Government to date. What is going to be excess is if the departments of the Government make up their mind to spend more in the remaining few days ? If they spend Rs. 8 or 9 crores more after supplementary demands at the end of the year, is it fair ? In this short time should the departments have a free hand in spending money like this ? It is very necessary that the Finance Ministry must exercise some discipline on such expenditure at the last minute particularly Considering why the amount had been sanctioned or even whether the expenditure had been properly examined. In this matter the Finance Ministry itself is the biggest offender. If you see the list, you will find that undar 'taxes and income', about Rs. 4.35 lakhs had been spent by the Finance Ministry on such things as Hollorith machine, vacant posts, etc. Why should they take the decision after the 15th of March to fill the vacant post ? Did they consider spending on those posts at the time of framing the budget demands or at the time of the supplementary demands ? To make up for their lapses, they ruly on the approval of the Excess demands.

Then there is the big expenditure under deputy whips on which my friend Mr. Masani has already made his comments. My time is running out but I cannot forbear from making two more observations. One big source of expenditurs is on the foreign tours of our Ministers. From Rs. 9 lakhs in the beginning, it rose by two lakhs at the time of the supplementary budget and after that it has now gone up again by Rs. 64,000. Is it necessary for the Minister to tour like this ? Have they no work in Parliament or in their offices that they can spend so much on their tours and get money senctioned from time to time in this manner ?

The second point is about the luxury of staff cars. Every Ministry discovers at the last minute that it must acquirs a new staff car or jeep. Suppose the STC makes on offer and says that such a car is available, the Ministry suddenly discovers that it requires one to replace the one it already has. I ask the Government to set an example and exercise some economy in spending money from the public exchequer on such times as luxury cars ; these should be avoided by a Government which stands for socialism.

SHRI S. R. DAMANI (Sholapur) : I have heard the comments of the hon. Member from opposite. The points raised by them are not very substantial. There is hardly much difference between the budget estimates and the actuals and I am happy at the fine job done by the the Finance Ministry in estimating with reasonable accuracy income and expenditure. The hon. Members opposite forget that last year there was drought and there were floods in some parts. In many places they had to incur unforeseen expenditure to help pepole. It is thus expenditures increase as it is the duty of Government to help people. So, I support the excess demands.

There are some other important matters to which I would like to refer, but you will not give me more time. So, with these few words, I support the Demands.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI P. C. SETHI) : Sir, we are here concerned with a very limited object, and that is, with certain excess expenditure that has been made by various Ministries and departments which could not be envisaged, and we have come before Parliament for its sanction.

Article 115(1) (b) of the Constitution itself provides for this contingency. Had it not been so, there would have been no need for this particular article in the Constitution. I do not mean to justify that the necessity should arise for a very large expenditure of this type, but the very fact that we have come before the House for a limited amount of Rs. 11.53 crores out of the 151 grants which were before the House and which were sanctioned shows that we have come for the excess amount in 28 cases only. In these 28 cases, the sum of Rs 11.53 crores represents only 0.08 per cent of the total expenditure which was granted. Out of this, Rs. 1 79 crores is on revenue account, Rs. 6 05 crores on capital account and Rs. 3 69 crores on loans and advances.

As far as the point made by Shri Lobo Prabhu is concerned, he has raised a very relevant point that we should bring forth before the House as to how these excess demands arose. The accounts are compiled by the Comptroller and Auditor-General, Defence Accounts and the Railways, and after that, they are vetted by the Audit Department and then the Public Accounts Committee has to go into it. You had decided last year that it is only after the Public Accounts Committee has gone through it that we should come before the House. According to that procedure, last time, the Public Accounts Committee put forth its report before the House in November, and the Ministry came forward with the excess demands in the month of December, but in the last session this could not be taken up. Therefore, we are considering this now.

As far as the excess demands are concerned, many hon. Members have spoken about many points. It is likely that some of them might not have unloaded their burden during the budget debate and therefore they took this opportunity to say certain points. Of course I do not object to it. They are most welcome to give their suggestions.

SHRI SONAVANE (Pandharpur) : It is a burden or healthy criticism ?

SHRI P. C. DETHI : It might be both : healthy criticism and burden. Therefore, they are most welcome to advance certain points. For example, Shri Tyagi mentioned something about the Rashtrapati Bhavan. Whatever expenditure is necessary in the Rashtrapati Bhavan, we have to make in order to keep the dignity of that office and the foreign dignitaries who come to the Rashtrapati Bhavan, and I hope the House will not object to the proper maintenance of the Rashtrapati Bhavan and the expenditure that we have to incur there.

Then, travelling allowance, especially, has been criticised by Shri Shiv Chandra Jha and also lastly by Shri Lobo Prabhu. The total expenditure incurred on tours, Rs. 9 lakhs, is not only on foreign tours ; it includes all the tours within the country and outside. Therefore, the sum which has been indicated here is not only for foreign tours, and sometimes the tours are taken which are more than what were envisaged, and in view of the fact that the total amount on tours which has exceeded is about Rs. 1 lakh, it is not on the high side.

[Shri P. C. Sethi]

Therefore, I hope the House will have no objection in granting this amount.

Besides this, Shri Lakhan Lal Kapoor mentioned about the road. It is true that during the emergency this road was to be taken up and we had spent a considerable amount on it, but then in the year 1965-66 it was decided to go slow on this road because it entailed a heavy expenditure, about Rs. 70 crores to Rs. 73 crores.

Anyhow, provision is being made this year also to take up the work on this road. I may take some time, but in view of the heavy amount to be spent, this is but essential.

Mr Somani said that we come to Parliament and we get away with it and that is why no strict control is being maintained and the ministries are taking it very lightly. I assure him that we have taken all possible precautions and in spite of that, this position has come about. At the same time, we are now trying to streamline the procedure. We have asked the ministries to have a finance cell in each ministry. From this cell it will go to the Finance Department. It will go to audit from the Finance Department and from a central position, it will go to the PAC. This is likely to streamline the position. We are hoping that this would improve the situation.

Looking from all these points of view, the total expenditure that we have put forward for the approval of Parliament is not on the high side. This has become necessary, but all possible precautions are being taken. We would certainly take further note of the remarks made by hon. members and insist on the ministries to take care of it. Even in the UK where the exchequer control is being observed, this situation arises and there also excess grants and asked for. I again assure the House that we will take note of the remarks by hon. members.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is :

"That the respective excess sums not exceeding the amounts shown in the third column of the Order paper be granted to the President to make good the amounts spent during the year ended 31st day of March, 1967, in respect of the following demands entered in the second column thereof—

Demands Nos. 1,8,9,12 to 14,21,45,58, 62,63,71,77,78,85 86,89,92, 94,104,121,130 137,144 and 145."

*The motion was adopted*

— — —

16.48 hrs.

APPROPRIATION BILL,* 1969

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI P. C. SETHI) : On behalf of Shri Morarji Desai, I beg to move : for leave to introduce a Bill to provide for the authorisation of appropriation of moneys out of the Consolidated Fund of India to meet the amounts spent on certain services during the financial year ended on the 31st day of March, 1967, in excess of the amounts granted for those services and for that year.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is :

"That leave be granted to introduce a Bill to provide for the authorisation of appropriation of moneys out of the Consolidated Fund of India to Meet the amounts spent on certain services during the financial year ended on the 31st day of March, 1957, in excess of the amounts granted for those services and for that year."

*The motion was adopted*

SHRI P. C. SETHI : I introdrce† the Bill.

I beg to move† :

"That the Bill to provide for the authorisation of appropriation of moneys out of the Consolidated Fund of India to meet the amounts spent on

*Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, section 2 Dated 19-3-69.

†Introduced/moved with the re-commendation of the President.